

# नाती ने बाबा पर किया प्राणघातक हमला, मौत

## चितरंगी के कोरसर-कोठार में खौफनाक वारदात, सूना घर होने का आरोपी ने उठाया फायदा



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरसर-कोठार में आज सोमवार की दोपहर करीब 11 बजे एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां 80 वर्षीय रजई कोल की उनके ही नाती ने लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ओमप्रकाश कोल उम्र 30 वर्ष पिता स्व. संतोष कोल ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब घर में केवल वह और उसके बाबा मौजूद थे। अन्य परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं बताई जा रही है। वह अक्सर असामान्य व्यवहार करता था और कई बार लोगों पर हमला करने की कोशिश भी कर चुका था। आशंका है कि इसी के चलते उसने यह घातक कदम उठाया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चितरंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मौके पर उप निरीक्षक आरके वर्मा, सउनि सतीश दीक्षित, राजेश मिश्रा, रमेश कोल एवं आर जितेंद्र तिवारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। इस घटना से कोरसर-कोठार गांव में सनाका खींच गया। सनकी युवक ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। इधर चितरंगी थाना प्रभारी सुधेश तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम घटना स्थल पर गई थी। स्थल की कार्रवाई पूरी कर ली है, मामला कायम किया जा रहा है और आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगा दी गई है।

### बारात में गये युवक के साथ बेरहमी से मारपीट, अधमरा कर छोड़ा



गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा चौकी अंतर्गत मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम नेवारी निवासी श्याम बिहारी कोल पिता अयोध्या प्रसाद कोल जमीन संबंधी पारिवारिक विवाद के चलते हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने से वह अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार श्याम बिहारी कोल पिता अयोध्या कोल निवासी निवारी एक बारात में शामिल होने गए थे। इसी दौरान पुराने जमीन विवाद को लेकर उसके भाई अर्जुन कोल से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। आरोप है कि श्याम बिहारी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। घटना की जानकारी महेंद्र सिंह बैस ने ग्रामीणों को दी। उन्होंने बताया कि खम्हारडीह-बछनार मार्ग पर श्याम बिहारी अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन

## हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर लिया आशीर्वाद



**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 27 अप्रैल। जिले के चितरंगी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फूल कसेई में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के समापन के उपरांत आज सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु शीतलाधर द्विवेदी एवं उनके अनुज सुखेंद्र धर द्विवेदी द्वारा किया गया।**

कथा समापन के साथ ही श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह देखने को मिला और पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भंडारे में क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान की कृपा का लाभ उठाया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां सभी ने अनुशासनपूर्वक पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद लिया। इस दौरान सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीधी के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अशोक दुबे, रीवा के विमलेंद्र तिवारी अपने भाइयों सहित तथा गढ़मन के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया। इस अवसर पर ग्रामीणों में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी देखने को मिली, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है।

### एक नजर में

#### धानी में अतिक्रमण से मुक्त हुआ हैण्डपंप



**सिंगरौली।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि ग्राम पंचायत धानी के उत्तर टोला में हैण्डपंप पर अवैध कब्जे की शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। राजस्व एवं पीएचई विभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण कर हैण्डपंप को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त घोषित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर टोला स्थित सार्वजनिक हैण्डपंप में मोटर डालकर उसे व्यक्तिगत उपयोग में लेने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए 25 अप्रैल को पीएचई विभाग और हल्का पटवारी की मौजूदगी में मोटर निकालकर हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। आज दोबारा किए स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हैण्डपंप सुचारू रूप से चल रहा है और उसमें दोबारा कोई मोटर नहीं डाली गई है। विभाग ने हैण्डपंप सेट लगाकर उसे आम जनता के लिए फिर से शुरू कर दिया है।

#### जिपं के सामान्य सभा की बैठक कल

**सिंगरौली।** जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह की अध्यक्षता में आगामी 29 अप्रैल को जिला पंचायत के सभागार में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में मुख्य रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में उपार्जन कार्य की प्रगति और विद्युत विभाग की भी गहन समीक्षा होगी। जिपं सीईओ जगदीश गेमे ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में आवश्यक जानकारियों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया।



# तेज तूफान के साथ बूंदाबांदी से गर्मी से मिली राहत, उमस ने बढ़ाई परेशानी

## चितरंगी में दोपहर बाद बदला मौसम का मिजाज

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 27 अप्रैल। जिले के चितरंगी क्षेत्र में आज सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के झोंकों के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे कुछ समय के लिए वातावरण ठंडा हो गया। दिनभर की झुलसाने वाली गर्मी के बीच यह बदलाव लोगों के लिए राहत लेकर आया। तेज हवा के कारण कई जगह धूल उड़ती रही, जिससे दृश्यता भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई।**

आज सोमवार को चितरंगी क्षेत्र का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को काफी प्रभावित किया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में रहने को मजबूर दिखे। खासकर मजदूर वर्ग और बाहर काम करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी थीं। वहीं तेज तूफान और हल्की बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट जरूर दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से अस्थायी राहत मिली। हालांकि बारिश के बाद वातावरण में उमस बढ़ गई, जिससे लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह बदलता रह सकता है। फिलहाल लोगों को गर्मी और उमस दोनों से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# बगदरा में रेत माफिया बेखौफ, सोन नदी से धड़ल्ले से खनन

## चौकी प्रभारी पर संरक्षण के आरोप, अभ्यारण अमला भी सवालों के घेरे में, सोन घड़ियाल और मगरमच्छों के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। पुलिस चौकी बगदरा क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार इन दिनों चरम पर पहुंच गया है। सोन नदी के किनारे स्थित सोन घड़ियाल अभ्यारण में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। आरोप है कि इस पूरे खेल को स्थानीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त है, जिससे रेत माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं।**



सूत्रों के मुताबिक पुलिस चौकी बगदरा के जिम्मेदार अधिकारियों पर संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं, वहीं अभ्यारण का अमला भी इस पूरे मामले में निष्क्रिय नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस क्षेत्र में घड़ियाल और मगरमच्छ जैसे दुर्लभ जलीय जीवों का संरक्षण होना चाहिए, वहीं उनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोन नदी से लगातार हो रही रेत निकासी के कारण नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि जलीय जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ गया है। करीब पांच वर्ष पूर्व भी इसी तरह की घटनाओं में कई मगरमच्छ रेत में दबकर मारे गए थे, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई सबक नहीं ले पाया। आरोप यह भी है कि नेशनल हाईवे के जरिए खुलेआम रेत का परिवहन किया जा रहा है और ट्रैक्टर चालकों व वाहन मालिकों से फिक्सिंग कर उन्हें छूट दी गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि यह रेत सोन नदी से नहीं आ रही, तो आखिर कहां से लाई जा रही है। पूरे मामले में पुलिस चौकी बगदरा और अभ्यारण अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब कार्रवाई करता है या फिर रेत माफिया इसी तरह बेलगाम बने रहेंगे। इस पूरे खेल में बगदरा और अभ्यारण्य में के अधिकारियों के द्वारा खुला संरक्षण दिया जा रहा है। यही वजह है कि सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

# अदाणी फाउंडेशन ने जलाशयों के निर्माण व जीर्णोद्धार का उठाया बीड़ा

## सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सरई, माड़ा और बरगवां तहसील के हजारों किसान होंगे लाभान्वित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सरई, माड़ा एवं बरगवां तहसील के विभिन्न गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। फाउंडेशन ने 15 नए तालाबों के निर्माण एवं 10 जलाशयों के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया है।**




जिला प्रशासन की पहल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित शासकीय अधिकारियों के सहयोग से इन स्थलों की पहचान कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन जलाशयों के निर्माण और पुनर्जीवन से हजारों किसानों को कृषि एवं सिंचाई के लिए बेहतर जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अदाणी फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर के तहत धिरौली, बजौड़ी, खनुआ टोला, डोंगरी एवं तिनगुड़ी सहित विभिन्न गांवों में नए तालाबों का निर्माण कराया जाएगा। इन प्रयासों से संचित जल स्थानीय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। वर्तमान समय में कई पारंपरिक जल स्रोत मानवीय उपेक्षा और प्रदूषण के कारण समाप्ति के कगार पर हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए अदाणी समूह के सीएसआर एवं पर्यावरण विभाग द्वारा व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर जल संरक्षण के प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं।

### आज से पुलिस का जन चौपाल

सिंगरौली 27 अप्रैल (एनबीएन)। आमजन और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत बनाने तथा स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सिंगरौली पुलिस ने जन चौपाल कार्यक्रम की शुरुआत की है।

इसके तहत कल 28 अप्रैल मंगलवार को जिले के सभी 12 थानों एवं 13 चौकियों में एक साथ जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित इस विशेष पहल में पुलिस अधिकारी गांवों और कस्बों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सीधे सुनेंगे और उनके निराकरण का प्रयास करेंगे।

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में विकास प्रस्तावों पर लगी मुहर

## महापौर के अध्यक्षता में मेयर इंन काउसिल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल की अध्यक्षता में आज मेयर इन काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास कार्यों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।**



बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य खुर्शिद आलम, अंजना शाह, शिवकुमारी कुशवाहा, श्यामला, रीता देवी, शत्रुघ्न लाल शाह सहित ननि आयुक्त सविता प्रधान, उपायुक्त आरपी बैस और कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त वित्त अनुपम द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत नवीन परिषद हॉल का निर्माण में आ रही तकनीकी कारणों से इस हॉल के निर्माण स्थल में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व में इसके लिए विकास भवन के पीछे का स्थान निर्धारित किया गया था, किंतु परीक्षण के दौरान वहां पाइपलाइन की उपस्थिति और पार्किंग स्थल के अभाव की समस्या सामने आई। इसके समाधान के लिए अब परिषद हॉल का निर्माण सिविक सेंटर के लेआउट में टाउन हॉल के पीछे भविष्य के लिए आरक्षित भूमि पर कराये जाने के लिए बैठक में सर्व सम्मति से स्वीकृती प्रदान की गई। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 31 स्थित हर्रई पूर्व के हरिहर तालाब और गायत्री मंदिर हर्रई पश्चिम स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को भी एमआईसी द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृती प्रदान की गई।

# एनवायरनमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड से विंध्याचल सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 27 अप्रैल। एनटीपीसी विंध्याचल को गोवा में आयोजित एक समारोह में मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता 2026 वर्ष का सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय क्षेत्र कोयला आधारित विद्युत संयंत्र के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।**



यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, सतत संचालन और आधुनिक हरित तकनीकों को अपनाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। यह उपलब्धि एनटीपीसी लिमिटेड की विंध्याचल इकाई की पर्यावरण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी को दर्शाती है। थर्मल पावर उत्पादन के क्षेत्र में रहते हुए भी विंध्याचल ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। इस अवसर पर संजय प्रकाश यादव अपर महाप्रबंधक ने स्टेशन की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो उसके उत्कृष्ट संचालन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

# ननि परिसर में धुआं छोड़ते चल पड़ी कार, मचा हड़कंप

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। नपानि सिंगरौली कार्यालय परिसर में आज सोमवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब परिसर में खड़ी एक कार अचानक धुआं छोड़ते हुए अपने आप आगे बढ़ने लगी। देखते ही देखते अनियंत्रित कार पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल से जा टकराई।**



घटना से मौके पर मौजूद कर्मचारियों और आमजन में हड़कंप मच गया। कार से धुआं निकलता देख आग लगने की आशंका के बीच तत्काल अग्निशमन यंत्र की मदद से स्थिति पर काबू पाया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और कार के अचानक अपने आप चल पड़ने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना ने वाहन सुरक्षा और रखरखाव को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विभागीय अधिकारी दिए गए लक्ष्य को समय पर पूर्ण करें : गौरव

## नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्धारित विभागीय लक्ष्यों को समय पर पूरा करें तथा समस्त राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण कर पालन प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें।**



उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग अभियान अंतर्गत अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करें तथा अभियान का व्यापक स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार भी कराना सुनिश्चित करें। साथ ही राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समस्त उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें तथा अपने स्तर से राजस्व अमले की बैठक आयोजित कर प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय के साथ-साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ओपीडी का संचालन समयानुसार हो, इसकी मॉनिटरिंग करें। बैठक के दौरान जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### नियमित समय पर खाद्यान्न वितरण हो

कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कम से कम 4 उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर साप्ताहिक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित समय पर उचित मूल्य की दुकानें संचालित हों तथा हितग्राहियों को उनकी पात्रता अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि कई विभागों द्वारा 50 दिवस की शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेदजनक है। इसके अलावा कुछ अधिकारियों द्वारा शिकायतों को अटेंड भी नहीं किया गया है। कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे विभागों को चिन्हित कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।